कलेक्टर ने किया दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ

धार। जिले में बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और कुपोषण मुक्त बचपन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान 2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मीना ने स्वयं जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचकर माताओं को ओआरएस पैकेट, जिंक एवं अन्य आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। उन्होंने माताओं को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए दवाइयों के सही उपयोग और उनकी निर्धारित मात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर ने इसके साथ ही बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें विटामिन-ए की खुराक भी दी। यह विशेष स्वास्थ्य अभियान 31 अगस्त तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के 2,79,229 पात्र बच्चों के घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य दस्त, निमोनिया, कुपोषण एवं अन्य बाल्यकालीन बीमारियों से होने वाली मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। अभियान के क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मैदानी अमले के संयुक्त दल (एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। अभियान के दौरान कुपोषण के विरुद्ध प्रभावी प्रहार हेतु चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराकर उनके स्वास्थ्य सुधार और वजन वृद्धि की नियमित निगरानी की जाएगी। बीमारी पाए जाने पर बच्चों को त्वरित उपचार और आवश्यकतानुसार उच्च स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रेफरल की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर मीना ने स्वास्थ्य विभाग को अभियान के दौरान गुणवत्तापूर्ण भ्रमण सुनिश्चित करने तथा किसी भी पात्र बच्चे को न छोड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। साथ ही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अभियान की दैनिक मॉनिटरिंग और पोर्टल पर डेटा की समयबद्ध एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया है। अंत में, कलेक्टर मीना ने जिले के समस्त पालकों से अपील की है कि वे दस्तक दल को बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करें और इस अभियान में पूर्ण सहयोग दें, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य मिल सके।

बैंक ऑफ इंडिया बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक ने संभाला पदभार

बाग/धार। बैंक ऑफ इंडिया की बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने शाखा के कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हुए ग्राहकों को बेहतर एवं त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जानकारी अनुसार, पूर्व शाखा प्रबंधक बृजेश पांडे का स्थानांतरण होने के बाद मयूर दुबे ने बाग शाखा का कार्यभार संभाला है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा शाखा के कार्यों की जानकारी प्रदान की। नवागत शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने कहा कि बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा ऋण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

एक नजर में

आओ प्रकृति का कर्ज उतारें अभियान के तहत औषधीय पौधे लगाए

महू. पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से तथा औषधीय पौधे लगाने की अपनी विशेष श्रृंखला के तहत आइडियल लाइफ क्लब द्वारा आओ प्रकृति का कर्ज उतारें अभियान की शुरुआत की गई. इसके तहत क्लब द्वारा श्री गणेश स्थानीय आंबेडकर गार्डन में पौधारोपण किया गया. अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण कई औषधीय पौधे रोपित किए गए. इनमें मुख्य रूप से आंवला, बहेड़ा, हरड़, ब्राह्मी, जामुन, बेलपत्र, गिलोय, इंसुलिन, मोरिंगा, तुलसी और कड़ी पत्ता शामिल हैं. इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहकर, उनके पूरी तरह बड़े होने तक नियमित देखभाल और संरक्षण करने का सामूहिक संकल्प भी लिया. क्लब के संगठन प्रमुख अशोक दीक्षित ने बताया कि औषधीय पौधे लगाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा. इसी कड़ी में रविवार को अमावस्या के पावन अवसर पर भी क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा. इस दौरान श्याम अग्रवाल, कन्हैया सिंह चौहान, योगाचार्य विजय शर्मा, सुरेश क्षीरसागर सहित क्लब के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे.

विजयवर्गीय समाज ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

महू. अभा विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश विजयवर्गीय के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर देशभर की स्थानीय इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है. इसी श्रृंखला में महू विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष दीपक विजयवर्गीय के नेतृत्व में समाजजनों ने केशव पार्क में एकत्रित होकर उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए. इस अवसर पर सदस्यों ने पौधों के पूर्ण रूप से विकसित होने तक नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया. इस अवसर पर हेमंत विजयवर्गीय, विशाल (राजू) विजयवर्गीय, हरिशंकर विजयवर्गीय, विशाल (टोनू) विजयवर्गीय, विनीत विजयवर्गीय, प्रफुल विजयवर्गीय, सार्थक विजयवर्गीय, विशाल विजयवर्गीय, दिनेश विजयवर्गीय, ऋषभ विजयवर्गीय सहित रागिनी विजयवर्गीय, मीना विजयवर्गीय, अनिता विजयवर्गीय, सीमा विजयवर्गीय, तरुणा विजयवर्गीय, सुनीता विजयवर्गीय, निशा विजयवर्गीय, प्रतीक्षा विजयवर्गीय, शिल्पा विनीत विजयवर्गीय, शिल्पा प्रफुल विजयवर्गीय, सलोनी विजयवर्गीय तथा बाल विकास समूह से भावी, वैदेही, शिवि, दिविशा, खियांश सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

खुद नाली में उतरकर खोली ब्लॉक पाइपलाइन

महू. ग्राम पंचायत किशनगंज सांतेर में जनसेवा की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली है. यहां के सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल ने जनता की समस्या को अपनी समस्या मानते हुए स्वयं नाली के गटर में उतरकर सफाई की और ब्लॉक पड़ी पाइपलाइन को चालू कराया. उनके इस कदम को देखकर स्थानीय रहवासी दंग रह गए और हर तरफ उनकी इस सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना हो रही है. स्थानीय निवासियों के अनुसार, किशनगंज के शीतला माता मंदिर क्षेत्र की मुख्य नाली लंबे समय से पूरी तरह ब्लॉक थी. इसके कारण गटर का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था. ग्रामीण इसकी शिकायत लगातार पंचायत से कर रहे थे, लेकिन पंचायत के सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कोई भी इस नाली को साफ करने नहीं आ रहा था. जब गंदे पानी की समस्या से लोगों का जीना मुहाल हो गया, तो सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल ने किसी कर्मचारी या सरकारी प्रक्रिया का इंतजार किए बिना खुद गटर के पास पहुंचे और नाली में उतर गए. उन्होंने अपने हाथों से नाली के भीतर जमा कचरे और गंदगी को साफ किया, जिससे ब्लॉक हुई पाइपलाइन दोबारा शुरू हो सकी. मनोज कौशल के इस कार्य की काफी सराहना की जा रही है.

एचडीएफसी इर्गो ने पीएम फसल बीमा योजना लागू की

धार। एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी, 2026 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गगत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथि 31 जुलाई है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं. पीएम एफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं. अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) औ रखरगोन जिलों के किसान अपने जिले के बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं. बीमा कवर प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं अन्य विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

पर्यावरण के लिए किया पौधारोपण

- स्व. राम मुकाती की स्मृति में त्रिवेणी कुंज पहाड़ी पर रोपा पीपल का पौधा

कुक्षी। समीपस्थ ग्राम मसानिया निंबोल स्थित कामधेनु त्रिवेणी कुंज पहाड़ी पर स्व. श्रीराम मुकाती की पुण्य स्मृति में एक पीपल का पौधा रोपित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह पहाड़ी अब क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की एक बड़ी प्रेरणा बन चुकी है।

इस अवसर पर स्व. श्रीराम मुकाती के पिता श्री राकेश जी मुकाती ने एक बेहद भावुक और अनुकरणीय संकल्प लिया। उन्होंने अपने पुत्र की स्मृति में लगाए गए इस पीपल के पौधे को ही अपना पुत्र मानते हुए इसके पूर्ण संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी ली है। राकेश मुकाती अपनी धर्मपत्नी रजनी मुकाती के साथ मिलकर प्रतिवर्ष अपने पुत्र की पुण्यतिथि पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन करते हैं।

इस अवसर पर कामधेनु गौशाला के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों ने स्मृति स्थल पर पहुंचकर स्वर्गीय श्री राम मुकाती को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में संगठन के इंदौर संभाग अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन गर्ग, धार जिला अध्यक्ष श्री दिनेश जी मुकाती, धार जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती पवित्रा प्रवीण चौहान, जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू राठौड़, जिला मीडिया प्रभारी श्री रविन्द्र भायल, तहसील प्रचार मंत्री अरविन्द डावर सहित संगठन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एनपीएस वात्सल्य योजना पर जागरूकता शिविर

धार। बैंक ऑफ इंडिया, जिला धार के लीड बैंक कार्यालय द्वारा बच्चों के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की नई एन.पी.एस. वात्सल्य योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

लीड बैंक मैनेजर बलराम बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय बजट 2024 में घोषित यह योजना पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित है, जिसका मुख्य उद्देश्य नाबालिग बच्चों के लिए पेंशन की नींव रखना है। इस योजना में माता-पिता या अभिभावक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नाम पर खाता खुलवा सकते हैं, जिसमें न्यूनतम निवेश की शुरुआत मात्र 250 रुपये वार्षिक से की जा सकती है। योजना के बारे में बैरागी ने बताया कि यह खाता बच्चे के 18 वर्ष का होने पर स्वतः ही 'NPS Tier-v' में परिवर्तित हो जाएगा। PFRDA के नियमों के तहत, खाता खुलने के 3 वर्ष बाद शिक्षा, गंभीर बीमारी जैसी आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए जमा राशि का 25त्न तक आंशिक रूप से निकाला जा सकता है।

अंकसूची में होगा नाम संशोधन

धार। ग्राम रनगांव, तहसील उही, जिला धार के निवासी दीपक सोलंकी पिता श्री रेम सिंह द्वारा अपनी 10वीं कक्षा की अंकसूची में माता-पिता के नाम में संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2024 में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, लाबरावदा (धार) से 10वीं की परीक्षा (रोल नंबर- 19129694) उत्तीर्ण की है। अंकसूची में त्रुटिवश माता का नाम गुलाब सोलंकी और पिता का नाम राम सिंह सोलंकी अंकित हो गया है, जबकि उनके माता-पिता का सही नाम क्रमशः गुल बाई (माता) और रेम सिंह (पिता) है। संबंधित विद्यार्थी द्वारा अंकसूची में उक्त सुधार के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संशोधन के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, तो वे निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित विभागीय कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त त्रुटि सुधार के संबंध में समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

नशामुक्ति जन जागृति अभियान आज से 30 जुलाई तक चलाएगी पुलिस

धार। नशीले पदार्थो का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति और परिवार, समाज को गहरे स्तर तक प्रभावित करता है। यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है बल्की अपराधो में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान और एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी आवश्यक है। उक्त आशय का वक्तव्य पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में चलाये जाने वाले नशामुक्ति जन जागृति अभियान के तैयारियों की नारकोटिक्स की समीक्षा करते हुयें कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने दिया। जिसमें पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार अभियान पूरे जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक निरंतर चलाया जायेगा। अभियान के दौरान ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिवो के साथ-साथ महाविद्यालयो, स्कूल शिक्षा विभाग, समाजिक न्याय विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को निर्धारित गतिविधियो के साथ आम जन मानस को नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रखने नशे से होने वाले दुसप्रभाव के बारे में जागरूक किया जायेगा।

कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए कि अभियान के पहले दिन 15 जुलाई को स्कूलो, कालेजों, शिक्षण संस्थाओं, ग्राम नगर सुरंक्षा समिति के सदस्य, एनसीसी, स्काउट गाईड एवं जन प्रतिनिधियो के साथ नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली का आयोजन करे। उन्होंने जहा जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वाहनों में बैनर पोस्टर चस्पा कराकर नशे के विरूद्ध लोगो जागरूक करे। सामाजिक न्याय विभाग सर्वजनिक स्थलो पर नुक्कड नाटक का आयोजन करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा ने अभियान को मूर्त रूप देने हेतु प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियो को निर्देश देते हुयें कहा कि जिले अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभाग एवं पुलिस के अधिकारी आपस में समन्वन बनाकर सफल बनाए।

चलती ट्रेनों में यात्रियों के बैग साफ करने वाला अंतरराज्यीय गैंग धराया

- एमपी, यूपी और राजस्थान में सक्रिय गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार
- आरोपियों की निशानदेही पर 15 लाख के जेवर बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. ट्रेन के जनरल कोच में यात्रियों के बीच बैठकर पलक झपकते ही बैग की चेन खोलकर लाखों के जेवर पार करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का जीआरपी ने पर्दाफाश किया है. मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान की ट्रेनों में सक्रिय इस गैंग के सरगना समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से करीब 15 लाख रुपए कीमत के 100 ग्राम से अधिक सोने के आभूषण बरामद हुए हैं, जबकि चोरी का कुछ माल उत्तरप्रदेश में बेचे जाने की जानकारी मिली है.

आरोपियों ने ट्रेनों में चोरी की कई वारदातें कबूलीं

पूछताछ में आरोपियों ने ट्रेनों में चोरी की कई वारदातें कबूल की हैं. उनकी निशानदेही पर सोने का हार, चेन, कंगन और अंगूठियां बरामद की गई हैं. जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के दो सदस्यों ने ग्वालियर-बीना पैसेंजर में एक महिला का पर्स भी चुराया था. इस मामले में चोरी गया मंगलसूत्र और सोने के मोती भी बरामद कर लिए हैं.

एक नजर में

जनसुनवाई में कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने आम लोगों की सुनी समस्याएं

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण करें अधिकारी : कलेक्टर

धार। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में कुल 142 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है तथा प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस साप्ताहिक जनसुनवाई में मुख्य रूप से शिक्षा के अधिकारी अधिनियम के तहत प्रवेश दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खाद्यान्न सामग्री पुनः चालू करवाने, फर्जी वन पट्टों को निरस्त करने, पीपीओ में सेवाकाल एक वर्ष कम बताने, 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, खनिज खदान की लीज निरस्त करने, भूमि नामांतरण संबंधी रिकार्ड उपलब्ध कराने, भूमि पर आने-जाने का रास्ता खुलवाने, वन भूमि का पट्टा प्रदाय करने, पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा करने, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने, आंगनवाडी सहायिका की नियुक्ति करने, विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदाय करने, मकान का पट्टा प्रदाय करने, अधिक बिजली बिल माफ करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बिमा योजना का लाभ दिलवाने, पुजारी को ब्याज राशि का भुगतान करने, विधवा पेंशन का लाभ दिलवाने, खाद्यान्न पर्ची निरस्त करने, फर्जी आंगनवाडी कार्यकर्ता भर्ती को निरस्त करने, खाल-बिज उपलब्ध कराने, एक बगिया मां के नाम योजना के तहत लंबित भुगतान करने, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना का लाभ दिलाने, खेत पर जाने-जाने का रास्ता खुलवाने, निजी भूमि पर अतिक्रमण करने, लोन माफ करने, भूमि का सीमांकन करने, बिमारी के उपचार हेतु आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने, तथा अन्य विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकरणों सहित विभिन्न समस्याओं, मांगों संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्त आवेदनों का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को बुनियादी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडे।